INTER NOBILIAN FIRST SEMESTER EXAMINATION 2026-27

Full Marks: 80 | **Hindi** | **Class 4** | Duration: 1½ hrs.

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :** [20]

क) मेहुल ने छज्जे से गिरते हुए बालक की रक्षा कैसे की ?

ख) कुछ विद्यार्थी किस –किस प्रकार की बेईमानी करते हैं ?

ग) पाठ में नीम ने अपने क्या – क्या लाभ बताए हैं ?

घ) विष दिए जाने पर स्वामी दयानंद ने क्या किया ?

ड.) सुभाष ने हैदर का ह्रदय – परिवर्तन कैसे कर दिया ?

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :–** [10]

जब गरमी से ––––– ––––– तप जाती है,
तब ––––– जल लेकर ––––– आ जाती है।
––––––– मेघों से घिर जाता ––––– –––,
ठंडी–ठंडी ––––––– चलती है सर – सर।
काली–काली –––––– पेड़ों पर पक जातीं,
पीले –––––आमों से डालें लद जातीं ।

**3. सही विकल्प चुनकर लिखें :** [5]

क) 'इस मिट्टी से निर्मित हैं हम' नामक कविता के कवि हैं–
i) अयोध्या सिंह उपाध्याय  ii) केदारनाथ  iii) डा.शिवचरण शर्मा 'मधुर'

ख) कामराजू ने कौन – सा कार्य किया था ?
i) दयालुता  ii) साहसपूर्ण  iii) कायरता

ग) कौए ने निबौली कहाँ गिरा दी ?
i) पानी में  ii) गंदी कीचड़ में  iii) जमीन में

घ) शेखसादी की घटना से शिक्षा मिलती है कि ––
i) दूसरों की बुराई नहीं करना चाहिए।  ii) प्रार्थना के समय सोना चाहिए।

ड.) गांधी जी की घटना के अनुसार हमें बचना चाहिए –
i) फिजूलखर्ची से  ii) आबादी से  iii) बर्बादी से

**4. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखें :–** [5]

उचित, प्रसन्न, कोमल, नकली, दोष

**5. सही (✓) और गलत (✗) का निशान लगाइए :–** [5]

क. मेहुल ने पल भर में ही अपना कर्तव्य निश्चित कर लिया। ( )
ख. विजय ने भूल से मिले हुए रुपए आइसक्रीम वाले को लौटा दिए। ( )
ग. विद्यार्थी को अपनी पढ़ाई के प्रति ईमानदार होना चाहिए। ( )
घ. कुछ लोग खाने – पीने में बेईमानी को बेईमानी नहीं मानते। ( )
ड. वह गुठली ही मेरी माता थी। ( )

**6. लिंग बदलें :** [5]

श्रीमान, गायक, माली, लेखक, हथिनी

**7. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–** [10]

शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए व्यायाम करना अति आवश्यक है। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। व्यायाम इसी आलस्य को दूर भगाने का अचूक साधन है। व्यायाम से हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है।इससे हमारा शरीर स्वस्थ,बलवान एवं मन भी प्रसन्न रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।इसलिए हमारे दैनिक जीवन के लिए व्यायाम अति आवश्यक है।

क) मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु किसे माना गया है ?
ख) व्यायाम करना क्यों जरुरी है ?
ग) स्वस्थ शरीर में किसका निवास होता है ?
घ) व्यायाम का हमारे मन पर क्या प्रभाव पड.ता है ?
ड.) ' गद्यांश ' के लिए उचित शीर्षक लिखिए ?

**8. वचन बदलें :–** [5]

गाय, कैंची, मुरगी, चुहिया, रोटी

**9. सही विकल्प चुनकर लिखेंः–** [5]

क. कौन–सा शब्द भाववाचक है ?
i) शेर ii) नीला iii) खुशी

ख. कौन सा. शब्द हैं जो दोनों लिंगों में प्रयोग होते हैं ?
i) पुस्तक ii) डॉक्टर iii) ग्रहों

ग. नीचे लिखे शब्दों में कौन–सा शब्द नित्य एकवचन है ?
i) पानी ii) कपड़ा iii) हस्ताक्षर

घ. वह बहुत सुंदर है। रंगीन शब्द कौन सा सर्वनाम है ?
i) निश्चयवाचक सर्वनाम ii) पुरूषवाचक सर्वनाम iii) संबंधवाचक सर्वनाम

ड. सर्वनाम के कितने भेद हैं –
i) चार ii) आठ iii) छह

**10. किसी एक विषय पर निबंध लिखें (दस वाक्यों में):** [10]

क) स्वतंत्रता दिवस ख) नदी

*******